बच्चों के साथ काम कर रहे वकील

जज (न्यायाधीश) आपके कोर्ट केस के लिए एक स्वतंत्र फैमिली (पारिवारिक) वकील नियुक्त कर सकते हैं, जिसे 'लॉयर फॉर चाइल्ड (बच्चे के लिए वकील)' कहा जाता है।

यह वकील जज को बच्चे के विचारों को समझने में मदद करता है और उनके सर्वोत्तम हितों को प्रस्तुत करता है।

वकील क्या करता है

वकील का काम जज द्वारा निर्धारित किया जाता है।

वकील बच्चे का प्रतिनिधित्व करता है, इसलिए वे इस केस में शामिल किसी अन्य व्यक्ति का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते हैं या किसी और को कानूनी सलाह नहीं दे सकते हैं।

वकील हो सकता है:

- बच्चे से यह समझने के लिए बात करें कि सैपरेशन या पारिवारिक परिस्थितियों में बदलाव या झगड़े का उन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है
- अदालती प्रक्रिया और जजों के फैसलों को इस तरह समझाएं कि बच्चा उन्हें समझ सके
- सुनिश्चित करें कि बच्चे के विचारों को जज को समझाया गया है
- बच्चे के जीवन में उपस्थित अन्य लोगों के साथ समय बिताएं। इनमें माता-पिता, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, whānau (परिवार और मित्र) तथा अन्य कोई भी हो सकता है
- अदालत की सुनवाई और जज के साथ मीटिंगों में जा सकता है।

यदि आप नहीं चाहते हैं तो आपको वकील से बात करने की आवश्यकता नहीं है।

आपको सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है

अगर आप या अन्य कोई व्यक्ति असुरक्षित महसूस करते हैं तो आप सहायता प्राप्त कर सकते हैं

- अगर आप या अन्य कोई व्यक्ति तत्काल खतरे में है तो 111 पर फोन करें
- justice.govt.nz/family-violence वेबसाइट पर जाएं
- areyouokay.org.nz वेबसाइट पर जाएं
- 'Are You OK (आर यू ओ के)' को 0800 456 45 नंबर पर मुफ्त फोन करें।

बच्चे का प्रतिनिधित्व करने के लिए वकील को भुगतान किया जाता है

सरकार इनमें से कम से कम एक तिहाई लागत का भुगतान करती है। उसके बाद जज फैसला करेंगे कि आपको और/या इस मुकदमे में शामिल अन्य लोगों को शेष लागतों के लिए भुगतान करना होगा या नहीं। यदि ऐसा होता है, तो जज एक 'कॉस्ट कंट्रीब्यूशन ऑर्डर (लागत अंशदान आदेश)' बनाएंगे।

लागत अंशदान आदेशों के बारे में अधिक जानने के लिए:

- **justice.govt.nz/family/about/cost-contribution-order** वेबसाइट पर जाएं।
- मिनिस्ट्री ऑफ जस्टिस (न्याय मंत्रालय) को **0800 224 733** नंबर पर मुफ्त फोन करें

अगर कोई समस्या है

अगर आपको लगता है कि कोई बच्चे को यह बता रहा है कि बच्चे के वकील से क्या कहना है, तो आपको अपने वकील और बच्चे के वकील को इस बारे में बताना चाहिए। ऐसा हो रहा है या नहीं, यह पता लगाने के लिए कोर्ट विशेषज्ञ की मदद ले सकता है।

सहायता कहां से प्राप्त करें

आपके समुदाय में

पालन-पोषण के इंतजामों की व्यवस्था करते समय kaiāirahi (पारिवारिक न्यायालय संचालक),फैमिली कोर्ट संयोजक और कोर्ट कर्मचारी आपका मार्गदर्शन कर सकते है, पर आपको कानूनी सलाह नहीं दे सकते।

Kaiāirahi आपको आपके इलाके में सामुदायिक सहायता सेवाओं से भी जोड़ सकते हैं।

संपर्क करें:

- **अपने स्थानीय कोर्ट में जाएँ**
- **kaiarahi@justice.govt.nz को ईमेल करें**
- **मिनिस्ट्री ऑफ जस्टिस (न्याय मंत्रालय) को 0800 224 733 नंबर पर मुफ्त फोन करें**

आपकी मदद करने के लिए संस्थाएं

सिटीजन्स एडवाइस ब्यूरो (नागरिक सलाह केंद्र)

वे आपके अधिकारों को समझने और फॉर्म भरने में आपकी मदद करते हैं।

- **0800 367 222 पर मुफ्त फोन करें**
- **cab.org.nz वेबसाइट पर जाएं**

कम्युनिटी लॉ सैंटर (सामुदायिक न्याय केन्द्र)

वे आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में लोगों के लिए मुफ़्त, गोपनीय आमने-सामने कानूनी सहायता प्रदान करते हैं।

communitylaw.org.nz पर जाएं

फैमिली सर्विसिज़ डायरेक्टरी (परिवार सेवा निर्देशिका)

उनके पास सहायता सेवाओं की एक सूची है जो आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में whānau (परिवार और मित्रों) की मदद करती है। इन सेवाओं में हाउसिंग (आवास) से लेकर काउंसलिंग (परामर्श) तक शामिल हैं।

- **मुफ्त फोन 0800 211 211**
- **familyservices.govt.nz/directory/ वेबसाइट पर जाएं**

सीसीएस डिसेबिलिटी एक्शन (सीसीएस विकलांगता कार्रवाई)

वे विकलांग लोगों और उनके whānau (परिवार और दोस्तों) को जानकारी और सहायता प्रदान करते हैं।

संपर्क करें:

- **मुफ्त फोन 0800 227 200**
- **ईमेल info@ccsDisabilityAction.org.nz**

मिनिस्ट्री फॉर एथनिक कम्युनिटीज़ (जातीय समुदायों के लिए मंत्रालय)

उनके पास जातीय समुदायों की सहायता के लिए धार्मिक संगठनों सहित सहायता सेवाओं की एक सूची है।

- **मुफ्त फोन 0800 656 656**
- **ethniccommunities.govt.nz वेबसाइट पर जाएं**

काउंसलिंग (परामर्श सेवा)

मानसिक स्वास्थ्य, या अन्य व्यक्तिगत मुद्दों पर पेशेवर समर्थन के लिए संपर्क करें:

- **Need to Talk (नीड टू टॉक) –1737 पर मुफ्त फोन या टैक्स्ट करें या 1737.org.nz पर जाएं**
- **Lifeline (लाईफलाईन) – मुफ्त फोन 0800 543 354 या 4357 पर टैक्स्ट करें**
- **Skylight (स्काइलाईट) – मुफ्त फोन 0800 299 100 करें या skylight.org.nz वेबसाइट पर जाएं**

बच्चों और युवा लोगों के लिए

- **What's Up (व्हाट्स अप) – मुफ्त फोन 0800 942 8787**
- **यूथलाईन – 0800 376 633 पर मुफ्त फोन करें या 234 पर टैक्स्ट करें**

अगर आप असुरक्षित महसूस करते हैं

- **areyouok.org.nz वेबसाइट पर जाएं**
- **'Are You OK (आर यू ओ के)' को 0800 456 450 नंबर पर मुफ्त फोन करें।**

MINISTRY OF JUSTICE
Tāhū o te Ture

अधिक जानकारी के लिए

- **justice.govt.nz/care-of-children वेबसाइट पर जाएं**
- **मिनिस्ट्री ऑफ जस्टिस (न्याय मंत्रालय) को 0800 224 733 नंबर पर मुफ्त फोन करें**